


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना



प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**

वर्ष : 1 । अंक : 25 | गोंदिया : गुरुवार, 28 जनवरी 2021 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5

## गुणवत्तापूर्ण कार्य कर निधि को समय पर करें खर्च -पालकमंत्री अनिल देशमुख

### जिला वार्षिक योजना के अंतर्गत १९९ करोड़ रुपए मंजूर



**गोंदिया–** जिलाधिकारी कार्यालय में २७ जनवरी को पालकमंत्री अनिल देशमुख की अध्यक्षता में जिला नियोजन समिति की आयोजित सभा में वर्ष २०२१ के लिए १९९ करोड़ १० लाख रुपए विकास कार्यों की निधि को मंजूरी दी गई। इस अवसर पर पालकमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता हो तथा समय पर निधि खर्च की जाए। गौरतलब है कि २७ जनवरी को जिलाधिकारी कार्यालय में जिला नियोजन समिति सभागृह में पालकमंत्री अनिल देशमुख की अध्यक्षता में जिला नियोजन समिति की सभा में जिला योजना, अनुसूचित जाति, उपयोजना, आदिवासी उपयोजना इस प्रकार तीनों योजनाओं को मिलाकर १९९ करोड़ १० लाख रुपए के नियोजन को मंजूरी प्रदान की गई।

इस अवसर पर पालकमंत्री ने कहा कि गत वर्ष कोरोना संक्रमण के चलते अनेक योजनाओं के क्रियान्वय में देरी हुई है। गोंदिया जिले के लिए जिला नियोजन इमारत निर्माण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। जिसके लिए राज्य के अन्य जिलो का निरीक्षण कर उत्कृष्ट भवन निर्माण किया जाएगा। उसी प्रकार गोंदिया के शासकीय विश्रामगृह के दुरुस्तीकरण के प्रस्ताव पेश करने का निर्देश दिया तथा चोरखमारा, नवेगांवबांध, नागझिरा के मार्गों को दुरुस्त करने तथा गोंदिया शहर में भूमिगत विद्युतीकरण व भूमिगत गटर योजना के संदर्भ में चर्चा की गई तथा नागरिक दलित बस्ती योजना में प्रमुखता से निधि दी जाए व भंडारा चिकित्सालय जैसी घटना न हो इसके लिए सभी शासकीय चिकित्सालयों का फायर व इलेक्ट्रीकल ऑडिट किया जाए तथा स्मोक डिटेक्टर लगाया जाए जिसके लिए लगनेवाली निधि उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक नगर परिषद - नगर पंचायतो में दमकल वाहन उपलब्ध हो जहां नही है वहां जिला नियोजन निधि से राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

जिले में पर्यटन की संभावनाएं अधिक है इसके लिए पर्यटन व यात्रा स्थलो के विकास को प्राथमिक रुप से तय किए जाए व विकास के कार्यों को मंजूरी देते समय जनप्रतिनिधिओं को इसकी जानकारी दी जाए साथ ही जिला परिषद अंतर्गत चिकित्सालयों के लिए एम्बुलेंस खरीदी की मंजूरी दी गई।

### वार्षिक योजना अंतर्गत किए गए महत्वपूर्ण कार्य

जिले में नियोजन भवन का निर्माण, सभी नगर परिषद व नगर पंचायतो में अग्निशमन वाहन खरीदी के लिए निधि उपलब्ध, जिले में वीडीआरएल लैब की स्थापना, कोरोना प्रतिबंधक उपाय योजना के लिए वैद्यकिय शिक्षण व सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को १०.०७ करोड़ की निधि दी गई। जिसमें वेंटीलेटर्स, ऑक्सीजन सिलेंडर व मोबाई एक्सरे मशीन का समावेश है। महिला चिकित्सालय में महिलाओं के लिए विशेष कोविड वार्ड का निर्माण, नई आंगणवाडी इमारत का निर्माण आंगणवाड़ियों में शौचालय बांधकाम तथा इमारत दुरुस्ती के लिए ३ करोड़ की निधि, व्याम शालाओं का विकास व खेल मैदानों के विकास के लिए १ करोड़ ९२ लाख तथा प्राथमिक शालाओं की इमारत की दुरुस्ती, नाविन्यपूर्ण योजना अंतर्गत मोबाईल ब्लड बैंक, ४ एम्बुलेंस के लिए निधि उपलब्ध तथा जिला खजिन विकास योजना से ४ एम्बुलेंस के लिए निधि मंजूर, वर्ष २१-२२ के लिए विभिन्न यंत्रणाओं से ३८८ करोड़ २० लाख २१ हजार रुपए के प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। जिसमें से शासन द्वारा तय किए गए १९९ करोड़ १० लाख रुपए के प्रस्तावो को मंजूरी प्रदान की गई। जिसमें सर्वसाधारण योजनाओं के लिए १०८ करोड़ ३९ लाख अनुसूचित जाति उपाय योजना के लिए ४४ करोड़ ७१ लाख, आदिवासी उपयोजना ४६ करोड़ रुपए के प्रस्ताव का समावेश है। आयोजित सभा में सांसद प्रफुल पटेल, सांसद अशोक नेते, विधायक परिणय फुके, अभिजीत वंजारी, विनोद अग्रवाल, विजय रहांगडाले, मनोहर चंद्रिकापुरे, सहषराम कोरेटे, जिलाधिकारी दीपककुमार मीणा जिप के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदिप डांगे, पुलिस अधिक्षक विश्व पानसरे, जिला नियोजन अधिकारी कावेरी नाखले तथा विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

## गोंदिया नागरी सहकारी पत संस्था का सचिव गिरफ्तार



**गोंदिया–** गोंदिया नागरी सहकारी संस्था मर्यादित गोंदिया के पदाधिकारियों के खिलाफ हेराफेरी की शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद से फरार चल रहे संस्था के सचिव सागर गलानी (३९) को १६ जनवरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। हिरासत में लिए गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां आरोपी को २२ जनवरी तक पुलिस कस्टडी में रखने के आदेश दिए गए है। यह जानकारी आर्थिक अपराध शाखा गोंदिया के पुलिस निरीक्षक बी.डी. बोरसे द्वारा दी गई है। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि गोंदिया शहर पुलिस थाने में १२ जुन २०१९ को लेख परीक्षक श्रेणी- २ अ/ जिला विशेष लेखा परीक्षक वर्ग- १ सहकारी संस्था गोंदिया अनिरुद्ध प्रभाकर जोशी (४९) द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार गोंदिया नागरी सहकारी संस्था मर्या. गोंदिया के अध्यक्ष दिवंगत पुरनलाल मोटुराम भाजवानी, उपाध्यक्ष महीनादेवी गोविंदराम लोगानी व सचिव सागर रामचंद्र गलानी तथा अन्य ९ संचालको प्रबंधक ने आपसी में सांठगांठ कर खाता धारकों द्वारा संस्था में डिपॉजिट रखे गए कुल ३ करोड़ ९३ लाख ४१ हजार ८५ रुपए की हेराफेरी की थी। इस मामले में शहर पुलिस थाने में उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। संस्था के जिन खातेदारो ने अब तक डिपॉजिट राशि की मांग के संबंध में आर्थिक अपराध शाखा गोंदिया में डिपॉजिट मिलने के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरकर उसके साथ बैंक पास बुक, आधार कार्ड के साथ ही डिपॉजिट संबंधी प्रमाणपत्र, बॉड पास बुक तथा अन्य दस्तावेजों की झेरॉक्स कॉपी जमा नही की है। ऐसे खातेदार सभी आवश्यक दस्तावेज आर्थिक अपराध शाखा पुलिस अधिक्षक कार्यालय गोंदिया में जमा कर अपना बयान दर्ज कराने के लिए उपस्थित हो ऐसा अहवान जिला पुलिस दल द्वारा किया।

## डांगोरली बैराज प्रस्ताव सरकार को सौपा

### विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासो को सफलता

**गोंदिया–** विधायक विनोद अग्रवाल के लगातार प्रयासो के चलते बहुप्रतीक्षित डांगोरली बैराज का मुद्दा सुलझ जाएगा। विधायक के रुप में शपथ लेने के बाद जब विधायक विनोद अग्रवाल ने शीतकालीन सत्र नागपुर से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के समक्ष गोंदिया जिले की समीक्षा बैठक में डांगोरली बैराज का मुद्दा उठाया तो मुख्यमंत्री ने उन्हें सकारात्मक जवाब देने और एक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

हालांकि उसके बाद बहुप्रतीक्षित डांगोरली बैराज का मुद्दा कोरोना के कारण पुरा नही हो सका। अखिरकार विधायक विनोद अग्रवाल ने इस मुद्दे को उठाया २४ दिसंबर २०२० को एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें प्रशासनिक अनुमोदन के लिए प्रस्ताव संख्या ४८ ताशा-४ डांगोरली बैराज २०२१ दिनांक ०५/०१/२०२१ भेजने का निर्देश दिया गया था। कुछ दिनो पहले विधायक विनोद अग्रवाल ने मुंबई में जलसंसाधन मंत्री जयंत पाटिल से मुलाकात की थी। और उनसे जल संसाधन सचिव विजय गौतम से मंजुरी लेने के लिए कहा था। जिससे कृषि के साथ-साथ पीने के पानी की समस्या भी हल होंगी।

## १० रेती घाटो की निलामी को मिली मंजूरी



**गोंदिया–** जिले में रेत घाटों की नीलामी लंबे समय से नही होने के कारण रेत का अवैध कारोबार तेजी से चलने की खबरे आए दिन मिलती रहती है। रेत माफियाओं द्वारा तस्करी रोकने के लिए गए अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की कुछ घटनाएं भी जिले में घटित हुई है। लेकिन अब जिले के १० रेती घाटों की नीलामी प्रक्रिया निकाली गई है। राजस्व एवं वनविभाग के ३ सितंबर २०१९ के शासन निर्णयानुसार वर्ष २०२०-२१ २०२१-२२ तथा २०२२-२३ इन तीन वर्षो के लिए राज्यस्तरीय पर्यावरण प्राधिकरण की मान्यता प्राप्त १० रेती घाटों की नीलामी ई-निविदा तथा ई-ऑनलाइन पद्धती से की जाएगी।

जिसके लिए रजिस्ट्रेशन २३ जनवरी से ऑनलाइन पद्धती से शुरु होंगे। २ फरवरी २०२१ को शाम ६ बजे ऑनलाइन रजिट्रेशन बंद हो जाएंगे। ३ फरवरी को सुबह १० बजे से ई-निविदा ऑनलाइन पद्धती से जमा करने का काम शुरु किया जाएगा, जो ८ फरवरी को शाम ६ बजे बंद हो जाएगा। ९ फरवरी को हर रेत घाट की ई-निविदा डाउनलोड कर जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में खोली जाएगी। रेत घाट नीलामी के संबंध में नियम एव शर्ते शासन के वेबसाइट पर घोषित की गई है। ई निविदा एवं नीलामी के विषय में प्रशिक्षण २८ जनवरी को दोपहर १ बजे जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में आयोजित किया गया है। जिसमे इच्छुक ठेकेदार से उपस्थित रहने का अहवान अपर जिलाधिकरी राजेश ने किया है।

### गोंदिया–जबलपुर ब्रॉडगेज रेलवे मार्ग पर

## रीवा से नागपुर एवं जबलपुर-चांदाफोर्ट प्रतिदिन चलेगी २ यात्री ट्रेन



**गोंदिया–** डेली रेलवे मूवर्स एसोसिएशन (ड्रामा) के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा द्वारा १५ जनवरी २०२१ कसे जारी एक सर्कुलर के माध्यम से जानकारी प्रदत्त की है कि गोंदिया रेल यात्रियों को २ नई डेली ट्रेन की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। एक ट्रेन रीवा मध्यप्रदेश से प्रतिदिन शाम को ५ बजकर २० मिनट में छुटेगी। जो जबलपुर, नैनपुर व बालाघाट होते हुए सुबह सुबह ५.१५ बजे गोंदिया पहुंचेगी और फिर से ७.२५ बजे इतवारि पहुंचकर समाप्त होगी।

उसी प्रकार यह ट्रेन प्रतिदिन इतवारी को शाम ६.३० बजे छुटकर रात ९.५ बजे गोंदिया पहुंचेगी तथा बालाघाट नैनपुर होते हुए तड़के ४ बजे जबलपुर एवं सुबह ७.३० बजे रीवा पहुंचेगी। दुसरी ट्रेन प्रतिदिन सुबह ५.१५ बजे जबलपुर से छुटेगी जो बालाघाट होते हुए सुबह १०.३० बजे गोंदिया पहुंचेगी एवं दोपहर १. ५० बजे चांदफोर्ट पहुंचेगी। उसी प्रकार यह ट्रेन वापसी में २.५० बजे दोपहर चांदफोर्ट से निकलकर शाम ६ बजे गोंदिया और रात्री में बालाघाट होते हुए ११.१५ बजे जबलपुर पहुंचेगी। ड्रामा ने इस निर्णय के लिए रेलवे वोर्ड को बधाई दी।

संगठन के सचिव ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र परमार, प्रसाद नायडु, प्रकाश तिड़के, राजेश बंसोड, सुब्रत पाल, रेल कमेटी के रितेश अग्रवाल, छैलबिहारी अग्रवाल, मेहबूब हिरानी, पुरुषोत्तम हिरानी, विष्णु शर्मा ने गया-चेन्नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस के बाद इन नई दो ट्रनों की सौगात देने के लिए रेलवे बोर्ड को बधाई दी तथा इन ब्रॉडगेज पर पैसेंजर लोकल ट्रेने शुरु करने की मांग की गई है। दो नई ट्रेनो में रीवा- नागपुर के २० डिब्बों फर्स्ट एसी, सेंकड एसी, थर्ड एसी डिब्बों के अलावा ८ डिब्बे स्लीपर प जनरल क्लास के रहेंगे। उसी प्रकार जबलपुर-चांदफोर्ट ट्रेन में ६ चेयर कार, २ एसी चेयर कार मिलाकर कुल १६ डिब्बे रहेंगे। उक्त ट्रेनें शुरु होने से गोंदिया- जबलपुर के बीच प्रतिदिन यात्री ट्रेन सुविधा क्षेत्रीय नागरिको को मिलेगी।

## राजेश नागपुरे का कई सहयोगियों साथ राष्ट्रवादी में प्रवेश



**गोंदिया–** एनसीपी द्वारा तहसील में पार्टी पदाधिकारियों और नागरिकों के साथ बैठक के कार्यक्रम के तहत स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन राजेश नागपुरे के पंधराबोडी गांव में आयोजित किया गया। इस बैठक में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने मार्गदर्शन दिया और उपस्थित नागरिकों को होने वाली समस्याओं से निपटने का आश्वासन दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। नागरिकों को आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में राकांपा उम्मीदवारों का समर्थन करना चाहिए।

उपरोक्त स्थान पर आयोजित बैठक में चंदन गजभिये, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, बंकर, जितेंद्र ढेकवार, यशलाल पटले, अश्विन ढोमणे, नितेश मेश्राम, कमलेश डहारे, देवचंद मेश्राम, मनीष आंबेडकर, मानिकलाल अंबेडकर, शिवलाल पणकर, मुश्ताक शेख, विजय डहारे, भोजराज सिहोर, गिरजाशंकर माहुले, मृणाल, मृणाल, मिनागपुरे, सावन दहारे, राकेश ढेकवार, गीतेश लिल्हारे, सतीस लिल्हारे, अविनाश नयारे, परमेश्वर चौधरी, शरद सलखे, निखिल सुलखे, लोकेश कोहड़े, आदित्य शियारे, उज्जवल ढेकवार, अभय मानकर सहित अनेक युवकों ने राष्ट्रवादी कांग्रेस में प्रवेश किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं न सभी का भव्य स्वागत किया।



## संपादकिय

# गणतंत्र और किसान

पहली बार देश के किसान एक संगठित हित समूह के रुप में खुद को दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और यह आंदोलन इस प्रक्रिया को एक नए मुकाम की ओर ले जा रहा हैं। भीड़ और संगठन में फर्क होता है और यही साबित करना इसकी लीडरशिप का इम्तहान होगा।

देश का ७२वां गणतंत्र दिवस कई दृष्टियों से अनोखा कहा जा सकता है, लेकिन जो बात इसे सबसे ज्यादा चर्चित बना रही है वह है इस मौके पर किसानों की ट्रैक्टर रैली। आजाद भारत के इतिहास में यह पहला मौका है जब गणतंत्र दिवस पर राजधानी की सड़कें एक तरफ राष्ट्र की सैन्य शक्ति की झांकी दिखाएंगी तो दूसरी तरफ जनप्रतिरोध के प्रतीकात्मक प्रदर्शन की भी गवाह बनेंगी। हालांकि जितनी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर दिल्ली की सीमाओं पर आ चुके हैं, उसे देखते हुए इस आयोजन के साथ कुछ खतरे भी जुड़े हैं। दिल्ली पुलिस ने विदेशी ताकतों की साजिश की तरफ भी इशारा किया है। अच्छी बात यह है कि ऐसी साजिशें पुलिस की जानकारी में आ गई हैं और किसान संगठनों ने शांति तथा अनुशासन बनाए रखने का वचन लिखित रुप में पुलिस-प्रशासन को दे रखा है।

बहरहाल, दिल्ली में हो रही इस ट्रैक्टर रैली को किसानों के एक सामान्य शक्ति प्रदर्शन के ही रुप में नहीं देखा जा सकता। पहली बार देश के किसान एक संगठित हित समूह के रुप में खुद को दिखाने की कोशिश कर रहे हैं और यह आंदोलन इस प्रक्रिया को एक नए मुकाम की ओर ले जा रहा है। भूलना नहीं चाहिए कि शुरु में इसे सिर्फ एक राज्य पंजाब के किसानों की कार्रवाई कहा गया था, जो काफी हद तक सच भी था। लेकिन दिल्ली की ओर बढ़ने के क्रम में ही पंजाब के किसानों को हरियाणा के किसानों का साथ मिलने लगा और दिल्ली पहुंचते-पहुंचते यूपी के किसान भी उनसे आ जुड़े। अभी स्थिति यह है कि दिल्ली के आंदोलनकारी किसानों के समर्थन में न केवल महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों से किसान बड़ी संख्या में मुंबई में इकट्ठा हो चुके हैं बल्कि मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि तमाम राज्यों के किसान भी इनसे जुड़ गए हैं और अपने-अपने जिला मुख्यालयों या राजधानियों में प्रदर्शनों के जरिए इनका समर्थन कर रहे हैं।

नए कृषि कानून वापस लेने की मांग से जिन राज्यों में किसानों के सीधे हित नहीं जुड़े हैं, वहां भी आंदोलन को समर्थन इस आधार पर हासिल हो रहा है कि यह किसानों की लड़ाई है। एक वर्ग के रुप में देश भर के किसानों का इससे जुड़ाव बताता है कि किसान शक्ति का यह उभार देश में एक नए दबाव समूह के उदय के रुप में लंबे समय तक महसूस किया जा सकता है। यह एक नई परिघटना है और आने वाले समय में इसका अच्छा-खासा असर नीति निर्माण पर भी दिख सकता है। लेकिन जैसा कि एक लोकतांत्रिक समाज में किसी भी दबाव समूह के साथ होता है, किसान नेतृत्व को भी समझना होगा कि उसकी सार्थकता सारी जय-क्षय एक बार में ही कर डालने में नहीं, बल्कि इस बात में है कि वह इस आंदोलन को कितना टिकाऊ बना पाता है और इस क्रम में खुद को देश के किसान समुदाय के लिए कितना फायदेमंद साबित करता है। भीड़ और संगठन में फर्क होता है और यही साबित करना इसकी लीडरशिप का इम्तहान होंगा।

# मुख्यमंत्री ने संसद सत्र के दौरान सभी पार्टी सांसदों की बैठक बुलाई




**मुंबई-** महाराष्ट्र के विकास के लिए सभी सांसदों से पार्टी के मतभेदों को भूल जाने और राज्य के लंबित मद्दों पर केंद्र सरकार का अनुसरण करने का आग्रह करते हुए, मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे मुद्दो पर विभागीय बैठकें आयोजित करे। संसद के बजट सत्र की पृष्ठभूमि पर केंद्र सरकार को राज्य के लंबित प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए सहॉयद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों की बैठक हुई। इस अवसर पर सार्वजनिक निर्माण मंत्री अशोक चव्हाण, शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे, जल संसाधन मंत्री जयंत पाटिल, उद्योग मंत्री सुभाष देसाई, केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री रामदास आठवले, मुख्य सचिव संजय कुमार और अन्य उपस्थित थे। कोरोना ने दो सत्रों में बैठक का नेतृत्व किया।

मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि राज्य सरकार के पास लंबित मद्दों पर रास्ता प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय और विषयों पर सांसदों की समितियों का गठन करके विभिन्न मामलों को उठाया जाएगा, जिससे राज्य के लोगों को सांसदों से भी उम्मीदें हैं। राज्य के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हुए लोगों के हित के मद्दों को प्राथमिकता से संबोधित किया जाना चाहिए। इसके लिए, प्रत्येक सांसद को केंद्र सरकार से राज्य सरकार को अधिकतम धनराशि मिलनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि दिल्ली में महाराष्ट्र सदन के कामकाज को और बेहतर बनाने के लिए सांसदों की एक समिति का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के हित में काम करते हुए इसे इस उद्देश्य के साथ किया जाना चाहिए कि इसके दूरगामी प्रभाव हों और तत्काल नहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, सांसदों के लिए नए मनोरा विधायक के निवास में १० कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे।

महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा मद्दों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में सरकार चाहे किसी भी पार्टी की हो उनकी भूमिका समान है। हमें एकता दिखाते हुए सीमा मुद्दों को सुलझाने का भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सांसदों से सभी दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री से मिलने की अपील की।

५ फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में मराठा आरक्षण मामले की सुनवाई होनी है। केंद्र सरकार को भी अपना मामला सुप्रीम कोर्ट में पेश करना होगा। इस बीच सभी पार्टी सांसदों को प्रधानमंत्री से मिलना चाहिए और उन्हें एक बयान देना चाहिए। पहले सत्र में लगभग १४ सांसदों और दूसरे सत्र में १० सांसदों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# विदेशी पक्षियों के गले व पांव में दिखे टैग, कैमरे में कैद



**गोंदिया-** उड़ान भरकर हजारों मील का सफल तय कर विदेशी पक्षी गोंदिया के जलाशयों में पहुंचते है। परसवाड़ा जलाशय में लगभग ९०० से अधिक विभिन्न प्रजाति के पंक्षियों का मेला लगा है। जिनके संवर्धन व सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय पक्षी प्रेमियों ने वन विभाग के सहयोग से उठाया है। निरीक्षण के दौरान पक्षी प्रेमियों को एक से अधिक विदेशी विदेशी पक्षियों के गले में टैग एवं पांव में रिंग दिखाई दी जिसे कैमरे में कैद किया गया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि विदेशी पक्षियों की उनके देश में गणना की गई होंगी तथा गणना के पश्चात उन्हें टैग लगाया गया होंगा। मामले में पक्षी मित्र राहुल भावे, रतीराम श्रीरसागर, डॉ. संदीप गभने, वन कर्मी आरती फुले ने जानकारी देते हुए बताया कि परसवाड़ा जलाशय पर प्रतिवर्ष दिसंबर से फरवरी माह के अंत तक हजारो विदेशी पक्षी पहुंचते है। इसमें रशिया, साइबेरिया, यूरोप के अलावा लद्दाख के पक्षियों का समावेश है। परसवाड़ा जलाशय में इन दिनों विदेशी पक्षियों का जमावड़ा प्रतिदिन देखा जा सकता है। पक्षियों को देखने के लिए महाराष्ट्र सहित मध्यप्रदेश तथा छत्तीगढ़ के पर्यटक पहुंचते है। २३ जनवरी को विदेशी पक्षियों के जमावड़ा को पर्यटक व पक्षी प्रेमियों ने कैमरे में कैद किया गया तो पहली बार कुछ पक्षियों के गले में टैग एवं पांव में में रिंग दिखाई दी। बताया गया कि साइबेरिया से आए ग्रे लेग गुज पक्षियों में सबसे अधिक टैग और रिंग देखने को मिले।



## साहित्य रत्न संविधान मित्र पुरस्कार

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** साहित्य रत्न एसोसिएशन ऑफ गोंदिया की ओर से मुन्नाभाई नंदागवली को साहित्य के क्षेत्र में उनकी अखंड सेवा के लिए वर्ष २०२०-२०२१ के लिए साहित्य रत्न सम्मान पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी। उक्त पुरस्कार उन्हे २६ जनवरी को प्रदान किया गया। मुन्नाभाई नंदागवली ने पिछले कई वर्षों से साहित्य के क्षेत्र में कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कविता, ललित लेखन, वैचारिक निबंध और साहित्यिक सम्मेलनों के कई क्षेत्रों से सम्मान और पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं। मुन्नाभाई नंदागवली ने उच्च शिक्षा, सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, नाटक, रंगमंच, पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है और प्रबुद्धता, मार्गदर्शन, कलाकार और साहित्यकार जैसी कई भूमिकाएं निभाई हैं। इस वर्ष के साहित्यरत्न मित्र पुरस्कार हेतु नंदगवाली की घोषणा अतुल सतदेव, अशोक मेश्राम व संविधान मैत्री संघ चमू की ओर से की गई थी।

# योग में दुसरा अंग : नियम

**योगाचार्य नरेन्द्र आर्य**



ईश्वर प्रानिधान- ईश्वर में भक्ति विशेष अर्थात ईश्वर से अधिक प्रिय किसी को नही मानना, ईश्वर की आज्ञा के अनुकूल ही आचरण करते हुए प्रत्येक कार्य को ईश्वर को समर्पित करना और उसका लौकिक कुल - (धन सम्मान आदि) न चाहना ईश्वर प्रणिधान कहलाता है।

ईश्वर प्रणिधान का फल- समाधिभावनार्थः क्लेश तनूकरणार्थक्षा।। जीवन से क्लेश और दुखों को दुर कर समता को स्थापित करना जीवन में दुख के मूल स्त्रोत पंच क्लेश का दूर होना और समाधि का शीघ्रता से प्राप्त होना

योग का तीसरा अंग आसन

**स्थिरस्सुयामासनम्**

अर्थात सुख पूर्वक स्थिरता से लंबे समय तक एक ही स्थिति में ठैहरना आसन कहलाता है। विधि पूर्वक लेट कर (पेट एवं पीठ के बल) बैठकर एवं खड़े रहकर तीनो अवस्थाओं में आसन का अभ्यास किया जाता है। आसन का अभ्यास शारीरिक क्रियाओं को व्यवस्थित कर वाणी और मन को भी स्थिरता प्रदान करता है। शारीरिक मानसीक क्षमता का विकास करने के लिए आसन एक महत्वपूर्ण क्रिया है। आसन के द्वारा सर्दी, गर्मी, भूंख, प्यास आदि पर नियंत्रण प्राप्त होता है।

आसनों की सावधानियां- आसनों को करते समय सावधानियां रखना अति आवश्यक है। आसनो से हमे हानि-लाभ जानना आवश्यक है। योग की क्रियाएं होती है। जो शरीर के अंगो कि अस्थियों को खोलने के लिए इन क्रियाओं को करना आवश्यक है। आसन करते समय शरीर के अंगो के साथ किसी भी प्रकार की जोर जबरदस्ती ना करे। और इसके अलावा योगसनो का अभ्यास उपयुक्त समय स्थान तथा उचित बिछावन तथा मोटी दरी एवं उसके ऊपर कंबल पर एक गुरु निर्देश पर ही करना चाहिए।

**मण्डुकासन-१**

**विधि-** व्रजासन में बैठकर दोनो हांथो की मुठ्ठी बंद करके (मुठ्ठी बंद करते समय अंगुठो को उंगलियों से दबाये) दोनो मुठ्ठीयों को नभि के दोनो और लगाकर श्वास बाहर छोड़ते हुए सामने की ओर झुकते हुए दृष्टि को सामने रखकर १/२ मिनट तक इसी स्थिती में रहे। इसके बाद व्रजासन में आ जाए इसी प्रकार तीन से पांच बार इसे दोहराए यह क्रिया मण्डुकासन (प्रथम) कहलाती है।

**लाभ-** अग्न्याशय (पैन्क्रियाज) को सक्रिय करके इन्सुलिन की मात्रा को संतुलित करते हुए मधुमेह (डायबिटीज) को दुर करने में सहायक है। मोटापे एवं उदर से सम्बध्द रोगो कब्ज, एसिडिटी (अम्लपित) में उपयोगी है। यह हृदय के लिए भी लाभप्रद है।

**सावधानी-** पेट में चोट और किसी भी तरह के पीठ दर्द से पीड़ित हैं वो व्यक्ति इस आसन को ना करे। अगर आप घुटने के दर्द से परेशान है तो इ आसन को ना करे। पेट में अल्सर या आसन के दौरान अपने पेट पर किसी भी प्रकार की सर्जरी हुई हो (३ माह अथवा ६ माह के बाद) ही इस आसन को करे। गर्भवति महिलाओं को यह आसन नही करना चाहिए। इस आसन को आप किसी योग प्रशिक्षक के सामने करे।

**मण्ड्कासन-२**

**विधि-** व्रजासन मे बैठकर नाभि पर बायें हाथ की हथेली पर दाये हांथ की हंथेली रखते हुए पेट को अंदर दबाये तथा श्वास को बाहर निकालते हुए पूर्व की भांति (मण्डुकासन-१) धीरे-धीरे नीचे झुककर दृष्टि सामने रखना मण्डुकासन-२ कहलाता है।

**लाभ-** पूर्ववत्


## आवश्यकता है

**साप्ताहिक बुलंद गोंदिया के लिये गोंदिया-भंडारा जिले की सभी तहसीलों के लिये संवाददाता, प्रतिनिधी तथा वितरक नियुक्त कराना है । इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में आकर संपर्क करें अथवा 7670079009, 9405244668, 9763355727 पर संपर्क करें ।**

**- सम्पादक**


# सुभाषचंद्र बोस व बालासाहेब ठाकरे की जयंती मनाई



**गोंदिया-** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोंदिया में २३ तारीख को पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के हस्ते नेताजी सुभाषचंद्र बोस व बाळासाहेब ठाकरे के जयंती अवसर पर की प्रतिमा को पुष्पगुच्छ अर्पण कर अभिवादन व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस निरीक्षक तथा अति कार्य पुलिस उप अधीक्षक (मुख्य) तेजस्विनी कदम, पुलिस निरीक्षक राजु बंसी मेंढे, बबन आव्हाड, उद्धव डमाले, रंगनाथ धारबले, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रदिप अतुलकर व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# तुमखेड़ा खुर्द में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की १२५ वीं जयंती मनाई गई



**गोंदिया-** जिला सामाजिक कार्यकर्ता अरुण बन्नाटे ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की १२५ वीं जयंती पर भेंट स्वरुप फोटो आंगनवाड़ी क्रमांक १ को दी गई। स्वतंत्र सेनानी द्वारा क्रांतिकारी सुभाषचंद्र बोस की १२५ वी जयंती ग्राम तुमखेड़ा खुर्द आंगनवाड़ी क्रमांक १ में मनाई गई। जिसने आजाद हिंद फौज खड़ी करने वाले और तुम मुझे खून दो... मैं तुम्हें आजादी दूंगा- यह वाक्य कहने वाले एकमात्र स्वतंत्र सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के विचारों द्वारा आत्मसात करने वाले एवं विद्यार्थियों को प्रेरणा स्त्रोत देने वाले पहले स्वतंत्र सेनानी की १२५ वी जयंती आंगनवाड़ी सेविका रुकमणी नागपुरे के नेतृत्व में की गई। माया आसोले, आंगनवाड़ी परिचारिका, जिला सामाजिक कार्यकता अरुण बन्नाटे, अजीत बलभद्रे, दुर्गाप्रसाद गराडे, रोहन गराडे, मोहित राणगीरे, रोहित लिल्हारे, सुमित गराडे, राहुल लिल्हारे, प्रेरणा मंडीये, साक्षी लिल्हारे एवं गांव के लोग उपस्थित थे।

# शाला व्यवस्थापन समिति की सभा संपन्न

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** कोरोना महामारी के नियमों का पालन करते हुए २७ जनवरी से कक्षा ५ वी से ८ वी तक की कक्षाएं सरस्वती विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय में शुरु हो रही है। इससे पूर्व पालक, शिक्षक संघ व शाला व्यवस्थापन समिति की संयुक्त बैठक संस्था सचिव व प्राचार्य अनिलकुमाल मंत्री की अध्यक्षता में हुई। मंत्री ने बताया कि कोरोना काल में ऑनलान पढ़ाने का पूरा प्रयास किया गया। किंतु शासन के निर्देश पर ऑफलाइन पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। विद्यार्थियों को शैक्षणिक नुकसान न हो इस हेतु पुरी सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए शिक्षक, पालक व विद्यार्थियों के समुचित समन्वय का प्रतिपादन भी किया गया। विद्यार्थियों की प्रगति ही शाला का लक्ष्य है। पर्यवेक्षिका छाया घाटे, पालक शिक्षक संघ सहसचिव शाली कापगते आदि उपस्थित थे। सभा में ८५ पालक उपस्थित थे। आभार पर्यवेक्षिका घाटे द्वारा माना गया।

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में योजनाएं फलीभूत होंगी। प्रापर्टी में निवेश करने का विचार त्याग दें। किसी बात को लेकर अपनी जिद पर अड़े रह सकते हैं। काम ज्यादा होने के कारण लव लाइफ पर नेगेटिव असर पड़ेगा। कॉमर्स के छात्रों को ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ सकती है।

**वृषभ :** शहर से बाहर यात्रा करना तकलीफदेह होगा। कार्यक्षेत्र में बदला लेने की भावना प्रबल रहेगी। इस दौरान आप सभी पारिवारिक कर्जे खत्म करने में कामयाब रहेंगे। बिजनेस में धन समृद्धि का समय है। बीमार जातकों का इलाज सफल होगा। प्रापर्टी से जुड़े लेन-देन पूरे होंगे और लाभ पहुंचाएंगे।

**मिथुन :** व्यावसायिक परिस्थितियां सामान्य बनी रहेंगी। घरेलू जीवन संतोषजनक बना रहेगा। शारीरिक कष्ट झेल रहे जातकों को राहत मिलेगी। कारोबारियों को मुनाफेदार डील मिल सकती है। पुराने प्रेमी से अचानक मुलाकात हो सकती है। धार्मिक स्थल की यात्रा के संकेत हैं।

**कर्क :** प्रापर्टी संबंधित बिजनेस में निवेश फायदेमंद होगा। चतुराई और तीव्र आकलन की क्षमता के बल पर औरों से चार कदम आगे रहेंगे। पुलिस या फौज में कार्यरत जातकों के लिए मान-सम्मान बढ़ेगा। बिना समझे-बूझे किसी व्यावसायिक, कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करें।

**सिंह :** आपको अपने खिलाफ होने वाली साजिश का पुनर्भास हो सकता है। सावधान रहें। परिवार में धन को लेकर झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। राय देते हुए सही शब्दों का प्रयोग करें ताकि सुनने वाले को सही सलाह भी मिल जाए और बुरा भी न लगे।

**कन्या :** सीनियर्स की उम्मीदों पर खरा उतरने की जिम्मेदारी है। जिस पर आपकी तरक्की निर्भर करेगी। बकाया धन की उगाही में कुछ और समय लगगा। बच्चों को आपसे मार्गदर्शन व सहयोग की जरुरत होगी। जो जातक छुट्टियों पर हैं, वे अपनी छुट्टियां बढ़ाने के बारे में सोचेंगे।

**तुला :** घर में पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा बढ़ता जा रहा है। छात्रों के प्रयासों की तारीफ होगी। रिश्तों में भावनाओं को जिंदा रखें। सुनिश्चित करें कि आपकी योजनाएं यथार्थवादी हों। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बना देगा।

**वृश्चिक :** आपकी कार्यकुशलता आपको सहकर्मियों से आगे रखेगी। परिवार वालों की मदद से कारोबार के विस्तार के मौके मिल सकते हैं। पारिवारिक व सामाजिक जिम्मेदारियों को नजरअंदाज न करें। कोई आकस्मिक रुमानी झुकाव आपके दिलोदिमाग पर छा सकता है।

**धनु :** दोगले न बनें, इससे आपकी छवि बिगड़ सकती है। मीडिया या एडवरटाइजिंग से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के सुनहरे मौके मिलेंगे। आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जो न केवल आपको बल्कि आपके परिवार को भी रोमांचित कर देगी। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरुरत से ज्यादा खर्चा न करें।

**मकर :** कारोबारियों के लिए फायदेमंद डील मिलने के योग हैं। आप हर कॉम्पिटिटर को मात देने में सफल रहेंगे। खुला खर्चा करने से बचें। कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी और आपके अधिकारों में वृद्धि भी होगी तथा आपको पदोन्नति मिल सकती है। पुराना प्रेम उभरने के कारण फिर से वाद-विवाद हो सकता है। जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें।

**कुंभ :** करियर के प्रति गंभीरता अपनाने की हिदायत दी जाती है। अपनों के प्यार व सहयोग से आपका खोया आत्मविश्वास दोबारा जाग उठेगा। स्टॉक मार्केट में धन लगाते हुए सावधान रहें। रोमांटिक संबंध मजबूत होता दिख रहा है। आर्थिक परेशानियों के चलते आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन :** जो भी मौके मिलें, उनका प्रयोग अपनी पूरी क्षमता के साथ करें। आर्थिक संकट का दौर बना रह सकता है। आप इस मुश्किल वक्त से भी पार पा ही लेंगे। सर्विस सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए मुश्किल समय है। उनका पाला अड़ियल ग्राहकों से पड़ सकता है। पढ़ने और कुछ नया सीखने में रुचि लेंगे।

# जिले के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध -पालक मंत्री अनिल देशमुख



**गोंदिया** – पुलिस मुख्यालय कारंजा के कवायत मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पालक मंत्री अनिल देशमुख के हस्ते ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई।

इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं व अभियानों को जिले की जनता के कल्याण के लिए प्रभावी तरीके से अमल करवाने तथा जिले के सर्वांगीण विकास के लिए वे कटिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र देश में प्रगतिशील व संपन्न राज्य हैं। कृषी, सहकार व औद्योगिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान निर्माण की है तथा राज्य को नई ऊंचाइयों पर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं। कोरोना संक्रमण का सामना जिला प्रशासन द्वारा नियोजित तरीके से कार्य कर रहा है। जिससे जिला ९६.८५ प्रतिशत संक्रमण मुक्त हो चुका है। जिसकी दर राज्य में सबसे अधिक है, साथ ही जिले में मृत्यु दर भी अन्य जिलों की तुलना में कम है। वर्तमान समय में कोरोना का संकट कम हुआ है, किंतु अभी भी खतरा टला नहीं है। १६ जनवरी को जिले में टीकाकरण का कार्य सफलतापूर्वक शुरु किया गया। जिसके लिए ८४२८ फ्रंटलाइन वर्करों की सूची तैयार की गई है। टीकाकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेंगी किंतु सावधानी बरतना अब भी आवश्यक है। जिसके लिए मास्क, हैंड वॉश, सामाजिक दूरी रखना जरुरी है।



जिले में वार्षिक योजना के माध्यम से विकास कार्यो को गति मिले इसके लिए वर्ष २०२० -२१ में २५३.६७ करोड़ रुपए की निधि प्राप्त हुई है। जिससे विभिन्न योजनाओं को चलाया जाएगा। साथ ही ७ करोड रुपए की निधि से जिला नियोजन भवन का कार्य प्रस्तावित है। सभी नगर पंचायतों में अग्निशमन वाहन खरीदी के लिए ६.५० करोड़ रुपए की निधि उपलब्ध कराई गई है।

गोंदिया जिला धान उत्पादक जिला होने के चलते किसानों को आधारभूत कीमतें प्राप्त हो, इसके लिए ११४ धान खरीदी केंद्र शुरु किए गए। जिसमें १८६८ रुपए प्रति क्विंटल की दर से १६ लाख ९३ हजार ३४६ क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसका ३६१ करोड़ ७४ लाख ३१ हजार रुपए का भुगतान किसानों को किया गया। साथ ही शासन द्वारा इस वर्ष ७०० रुपये बोनस देकर धान उत्पादक किसानों को एक बड़ी दिलासा दी गई है। जून से अक्टूबर २०२० में अतिवृष्टि से हुए नुकसान के चलते मत्स्य बीज व मछली मार लाभार्थियों को ३२.७९ लाख रुपये वितरित किए गए हैं। सवबा-कवूद के दौरान बांधकाम कामगारो को शासन द्वारा आर्थिक मदद दी गई है, जिसमें ३२८७१ पंजीकृत कामगारों के खातों में ६ करोड़ ५७ लाख रुपए की निधि जमा की गई। महिलाओं व बच्चों पर होने वाले अत्याचारों की शिकायतों पर असरदार तरीके से कार्रवाई करने के लिए कानून को और अधिक मजबूत करने के लिए शक्ति कानून को मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई तथा आने वाले अधिवेशन में उपरोक्त विधेयक को रखा जाएगा। इस विधेयक से अपराधियों को सजा में बढ़ोतरी होंगी। जिससे अत्याचार रोकने के लिए उपरोक्त कानून असरदार साबित होगा।

गोंदिया जिले से नक्सली गतिविधियों को पूर्ण रुप से



खत्म करने के लिए पुलिस विभाग के माध्यम से नक्सल विरोधी अभियान ग्राम भेंट, जन जागरण किया जा रहा है। जिले के नागरिकों में भयमुक्त वातावरण बनाया जा रहा है, जिसके लिए पुलिस विभाग द्वारा निरंतर जनउपयोगी सिविक्स एक्शन प्रोग्राम चलाया जा रहा है। गत कुछ समय से नक्सलवाद पर लगाम लगाने से विकासात्मक कार्यो को गति प्राप्त हुई है तथा राज्य में जल्द ही साड़े बारा हजार पुलिसकर्मियों की नियुक्ति का निर्णय लिया है।

उपरोक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा, जि.प. के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार डांगे, पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, उपवन संरक्षक कुलराज सिंह, अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, निवासी उप जिलाधिकारी जयराम देशपांडे, पूर्व सांसद खुशाल बोपचे के साथ ही विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आपत्ती व्यवस्थापन अधिकारी राजन चौबे ने किया।

जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों का पालक मंत्री के हस्ते सत्कार किया गया। साथ ही मेरा परिवार मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत जनजागृति पुस्तक का विमोचन पालक मंत्री के हस्ते हुआ।

## दासगांव में सभामंडप, सड़क बांधकाम का भूमिपूजन विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते संपन्न




गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के दासगांव बुर्ज एवं दासगांव खुर्द अलग-अलग ग्राम पंचायत में १६ जनवरी को विधायक विकास निधि से मंजूर दो सभामंडप एवं सड़क बांधकाम का भूमिपूजन विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, सिर्फ सड़को, सभामंडपो का भूमिपूजन करना मेरा उद्देश्य और मकसद नहीं है। मुझे इन बुनियादी व्यवस्थाओं के साथ हर स्तर पर कार्य करना है। केंद्र और राज्य सरकारों से ज्यादा से ज्यादा निधि खींचकर लाकर क्षेत्र का बहुमुखी विकास करने हेतु कटिबद्धता से मैं कार्य कर रहा हुं। आम नागरिको को रोजगार मिले, ग्राम स्तरों की हालातो में सुधार हो, हर जरुरतमंद को मकान मिले, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो, शिक्षा और महिलाओं की आर्थिक उन्नति हेतु भी मैं ततपरता से कार्य कर रहा हुं। इस अवसर पर दासगांव बु. की सरपंच रानु नशीने, उपसरपंच ओमदास नंदेश्वर, दासगाव खुर्द की सरपंच मायाताई कोल्हे, भालेराव ऊके, छत्रपाल तुरकर, रामराज खरे, मुनेश रहांगडाले, सेंट्रल कृषक संचालक दिनेश तुरकर, गुनिराम सेवईवार, चुनेश तुरकर, अरुण तुरकर, कन्नीलाल सोनवाने, रामेश्वर जगने, दूंदेश्वर नेवारे, सुकलाल बोपचे, ज्ञानेश्वर वैद्य, सुरेंद्र भगत, सचिन बडगूजर, नितिन बिसेन, सोहनलाल चौधरी, बैद्यनाथ पटले, दीपक गौतम, श्रावण रहांगडाले, धुवप्रसाद रहांगडाले, घासिलाल कटरे, कविता रहांगडाले, योगेश निखाडे, भाऊलाल तुमडाम, वसंतराज चौधरी, सहित दोनों ग्रामो के नागरिक उपस्थित थे।

## कास्ट्राईब कर्मचारी महासंघ जिला गोंदिया की कार्यकारीणी सभा

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव**– ओमप्रकाश वासनिक जिलाध्यक्ष कास्ट्राईब कर्मचारी महासंघ जिला गोंदिया की अध्यक्षता में कास्ट्राईब कर्मचारी महासंघ जिला गोंदिया की कार्यकारीणी की सभा २३ जनवरी को तहसील कार्यालय के हॉल गोंदिया में संपन्न हुई। सभा में पदाधिकारियों का परिचय, महासंघ का कार्य प पद्धती, सभासद पंजीयन, सभासद की समस्याओ को लेकर चर्चा की गई।

जल्द ही इस संदर्भ में महासंघ की ओर से संबंधित अधिकारियों बैठक के संदर्भ में निवेदन दिया जाएगा। ऐसी जानकारी कास्ट्राईब कर्मचारी महासंघ की ओर से दी गई। इस समय कास्ट्राईब शिक्षक संघटना जिला गोंदिया की जिला कार्यकारिणी शिक्षक संघटन के जिलाध्यक्ष संजय उके, कर्मचारी महासंघ के जिला सरचिटणीस प्रविण गजभिये, मुख्य संघटना सचिव हितेंद्र रामटेके, उपाध्यक्ष भरत वाघमारे, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ भौतमांगे, संघटक अविनाश गणवीर व संघटन से जुड़े कई लोग उपस्थित थे।

## श्रमिकों को रोजगार गारंटी रोजगार प्रदान करें, अन्यथा १५ फरवरी से आंदोलन

### कामगारों का तहसील कार्यालय पर आक्रोश मोर्चा



**गोंदिया** – आमगांव नगर परिषद की स्थापना को ६ साल हो चुके हैं। लेकिन श्रमिकों को रोजगार गारंटी रोजगार योजना के अंतर्गत काम नहीं मिल रहा है। जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट मंडराने लगा है। इसके चलते २५ जनवरी को सामाजिक कार्यकर्ता यशवंत मानकर उत्तम नंदेश्वर के नेतृत्व में कामगारों ने तहसील कार्यालय पर आक्रोश मोर्चा निकालकर ज्ञापन सौप जल्द से जल्द रोजगार प्रदान करने की मांग की, मांगे पूरी ना होने पर १५ फरवरी से आंदोलन की चेतावनी दी।

आमगांव नगर परिषद की स्थापना २ अगस्त २०१७ को राज्य सरकार द्वारा की गई थी। आमगांव, बंनगाव, रिसामा, कुंभारटोली, बिरसी, पदमपुर, किडगीपर और माली के गांवों को इस नगर परिषद में शामिल किया गया है। हालांकि प्रशासन फरवरी २०१५ से नगर पंचायत और नगर परिषद के बीच विवाद में लगातार सात वर्षो से काम कर रहा है। इससे मजदूर एवं नागरिको का बलिदान लिया जा रहा है।

राज्य सरकार के जनवरी २०१६ के फैसले के अनुसार, श्रमिकों को राज्य रोजगार गारंटी योजना के तहत काम देना आवश्यक है, लेकिन प्रशासन और सरकार द्वारा देरी के कारण, स्थानीय लोगों को रोजगार गारंटी योजना के तहत कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं किया गया था। इसलिए वे भूखे मर रहे हैं।

नगर परिषद क्षेत्र के ८ गांवों के श्रमिकों को राज्य रोजगार गारंटी योजना के तहत काम दिया जाना चाहिए और अन्य मांगों को भी लेकर प्रशासन से मांग की गई । नगर परिषद से तहसील कार्यालय तक एक विरोध रैली निकली गयी। जिसमे राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान करना, श्रमिकों को रोजगार जॉब कार्ड जारी करना, आवास के लिए तत्काल कार्रवाई का आदेश देना, ८ करोड रुपये के निर्माण कार्यो को तत्काल शुरु करना, कई मांगें प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर तहसीलदार दयाराम भोयर ने आश्वासन दिया कि निवेदन पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। निवेदन सौंपते समय, यशवंत मानकर, उत्तम नंदेश्वर, पुरुषोत्तम बोहरे, ताराबाई मेंढे, द्वारकाबाई शेंडे, लक्ष्मीबाई भंडारकर और अन्य कामगार महिला पुरुष उपस्थित थे।

# जिले के विभिन्न स्थानों पर गर्व से मनाया गया गणतंत्र दिवस



### एम. जी. पैरामेडिकल कॉलेज गोंदिया

**गोंदिया**– एम. जी. पैरामेडिकल कॉलेज गोंदिया में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित शिव नागपुरे ने तिरंगा फहराया। उसी प्रकार उन्होने अपने विचार व्यक्त कर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सशक्त, समृद्ध भ्रष्टाचार मुक्त वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला भारत का सपना देखना ही एकमात्र विद्यार्थियों का उद्देश्य होना चाहिए। विश्व रत्न डॉ. बाबा साहब आंबेडकर ने हमारे पैदा होने से लेकर मृत्यु तक हमें हर तरह के संवैधानिक अधिकार, सामाजिक अधिकार, आर्थिक सशक्त अधिकार दिए है। इस अवसर पर शिव नागपुरे ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

### जिप वरिष्ठ प्राथमिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया

**गोंदिया**– जिप वरिष्ठ प्राथमिक स्कूल मोरगांव में ७१ गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान के उद्देश्य का वाचन पुरुषोत्तम गहणे ने किया। शाला व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर सहारे के हस्ते ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव की सरपंच विजया उईके, पुलिस पाटिल रमेश झोडे, ग्राप सदस्य, शालय व्यवस्थापन समिति उपाध्यक्ष तानाजी लोदी तथा गांव के नागरिक उपस्थित थे।

### जयदुर्गा विद्यालय गौरनगर में फहराया तिरंगा

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव**– गणेश बहुउद्देशीय संस्था अर्जुनी/मोर द्वारा संचालित जयदुर्गा ज्यूनियर कॉम्लेज में ७२ वा गणतंत्र दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनिल कुमार पाऊलझडे के हस्ते ध्वाजारोहण किया गया। कोरोना महामारी के नियमो को ध्यान में रख कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




### गणतंत्र दिवस के अवसर पर वरिष्ठ, प्रतिष्ठित नागरिकों का सत्कार

**भर्ती पूर्व प्रशिक्षण को मिली सफलता**

**संवाददाता दरेकसा**– २६ जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर यहां प्रभारी अधिकारी हर्षल भोले के हस्ते ध्वजारोहण किया गया। उसी प्रकार संवीधान का वाचन किया गया तथा अति दुर्गम आदिवासी क्षेत्र दरेकसा (पुलिस कैंप) की ओर से जमाकुडों में वरिष्ठ व प्रतिष्ठीत नागरिकों को शॉल व फल का वितरण कर सम्मानित किया गया। उसी प्रकार दरेकसा पुलिस की ओर से प्रति दिन सुबह-शाम भर्ती पूर्व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण अंतर्गत प्रशिक्षणार्थी मोहीत रमेश मेहरे की नियुक्ती सी.आर.पी.एफ बटालियन में हुई है। जिसके चलते मोहीत का सत्कार गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया गया। इस समय प्रभारी अधिकारी भोले आहेबांनी व प्रक्षिण के लिए आ रहे युवक तथा युवतियां सहित पुलिस कर्मचारी व गांव के प्रतिष्ठीत नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला पुलिस के कर्मचारियों द्वारा अथक प्रयास किय गया।

### दरेकसा के विभिन्न क्षेत्रो में मनाया गणतंत्र दिवस

**संवाददाता दरेकसा**– देश भर में कोरोना महामारी का प्रकोप कम होता दिखाई दे रहा है। लेकिन इसके बावजूद महामारी के नियमों का पालन कर स्वराज्य संस्था की स्कूलों में गणतंत्र दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम पुलिस कैंप दरेकसा में प्रभारी अधिकारी हर्षल भोले के हस्ते व चिकित्सालयों में डॉ. राजेश गवली, जिप शाला के रविकुमार सोनवाने (अध्यक्ष), आश्रम स्कूल के प्राचार्य कलंबे, ग्राम पंचायत जमाकुडोंमें सरस्वता राहिले, टोयागोंदी ग्राम पंचायत में गंगा मड़ावी, दरेकसा ग्राम पंचायत प्राचार्य ललित पगरवार सरपंच के हस्ते व श्री गुरुदेव हाईस्कूल दरेकसा में प्राचार्य सी.बी. सोनवाने तथा परिसर की स्कूल विचारपुर, धनेगांव, दलदलकुही, टोयागोंदी, कोपालगढ़, दल्लाटोला, चांद सुरज में अतिथियों के हस्ते तिरंगा फहराते हुए गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

### गोंदिया शहर के हृद्य स्थल पर फहराया तिरंगा

**गोंदिया**– भारत के ७२ वे गणतंत्रदिवस पर परंपरानुसार श्री दिगंबर जैन समाज गोंदिया द्वारा शहर के हृद्य स्थल गोरेलाल चौक पर देश की आन बान शान तिरंगा का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण श्री दिगंबर जैन महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष प्रभादेवी कासलीवाल, सूरजदेवी जैन, कांतिदेवी जैन, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, कोषाध्यक्ष देवेंद्रकुमार अजमेरा, पूर्व ट्रास्टी सुकमालजी जैन के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने अपने मनोभावों को व्यक्त किया। शहर के अनेक नागरिक, सामाजिक बंधुओं महिलाओं युवाओं ने इस गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मीलित होकर मिठाई वितरित कर बधाई दी।



# सक्षिप्त समाचार

### ईंट से हमला

रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले समा बेकरी के समीप पुणाटोली में २३ वर्षीय आरोपी ने फर्यादी सुरेश कापगते (२२) निवासी पुणाटोली को हनुमान मंदिर के पास बेटा बेटा ने कहकर मजाक से बुलाया जिसपर फर्यादी ने कहा कि मेरे से मजाक क्यों करता है जिसपर आरोपी आक्रोशित हो गया तथा फर्यादी के सिर व गाल पर ईंट से प्रहार करते हुए घायल कर दिया। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत व डॉक्टरी परिक्षण के अहवाल पर धारा ३२४, ५०४, ५०६ के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच पुलिसकर्मी खोटेले कर रहे है।

### मोटर सायकल चोरी

गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले सिंधी कॉलोनी सख्खर धर्मशाला के पास फर्यादी जैकी गिरधारीलाल हेमराजानी (२७) ने अपनी दुपहिया वाहन क्रमांक एमएच ३५ झेड. ३६४१ कीमत ३५ हजार को खड़ा कर रखा इसी दौरान अज्ञातो ने सुने मौके का लाभ लेते हुए फर्यादी की मोटर सायकल लेकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट व लूटपाट का मामला दज

गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम गणखैरा से पुरगांव सड़क मार्ग पर दो आरोपियों ने आपसी में सांठगांठ करते हुए सायकल सवार व्यक्ति को लूटते हुए मारपीट की। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फर्यादी योगेश श्यामराव नेवारे (३६) निवासी गोरेगांव कटंगी यह अपना काम निपटाकर सायकल से जा रहा था। इसी दौरान पुरगांव की ओर से एक मोटर साकल आई जिसमें गणखैरा निवासी दो आरोपी युवक सवार होकर आए तथा फर्यादी को रास्ते में रोकते हुए जबरन जेब में हांथ डाल मोबाईल निकाल लिया व लात मुक्कों से पिटाई कर फरार हो गए। वहीं घटना के संदर्भ में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर धारा ३९४, ५०६, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जनजागृती कार्यक्रम में मारपीट

गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम सिलेगांव जिला परिषद की शाला कलापाथक में कोविड-१९ महामारी को लेकर आयोजित जनजागृती कार्यक्रम में फर्यादी ज्ञानेश्वर रामेश्वर उके (४५) हाजिर था। इसी दौरान आरोपी ने आधार कार्ड व पहचान पत्र में नाम नही बदलने की बात मन में लिए बैठा था। जिसके चलते आरोपी ने फर्यादी के सिर पर लोहे की वस्तु से प्रहार कर घायल कर दिया। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकयत तथा डॉक्टरी परिक्षण के अहवाल पर धारा ३२४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सबमर्सिबल पंप चोरी

गोंदिया शहर पुलिस थाना अंतर्गत कुंभारेनगर गोंदिया निवासी फर्यादी संजीवकुमार नीलकंठ बारसागडे (५०) के नए मकान का निर्माण कार्य कुंभारेनगर में चल रहा है। जहां बोरबेल पर गया एमटेक कंपनी सबमर्सिबल पंप अज्ञात चोर चुरा ले गए जिसकी कीमत ९ हजार रुपए बताई गई। फर्यादी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरो के खिलाफ धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### १ लाख ९९ हजार की चोरी

रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत कन्हारटोली निवासी फर्यादी हेमंतलाल नेतलाल लिल्हारे (४२) एवं उसकी पत्नी जब घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरो ने सुना मौका देखकर फर्यादी के घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया तथा सोने-चांदी के आभूषण , एक टाइटन कंपनी की घड़ी एवं ३० हजार रुपए नगद कुल १ लाख ९९ हजार रुप्ए का माला चुरा ले गए। फर्यादी की शिकायत के आधार पर धारा ४५४, ३८० के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक रघुवंशी कर रहे है।

### होटल के सामने शव मिला

कटंगी मार्ग पर स्थित होटल गेटवे के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मामले की शिकायत कटंगीकला निवासी उमेशकुमार लक्ष्मीचंद बावनकरने रामनगर पुलिस थाने में की। शिकायत के आधार पर धारा १७४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शॉकप से हमला

तिरोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम मुंडीकोटा में फर्यादी सुखदेव डोंगरे (६०) यह घर की पायरी में बैठा था। इसी दौरान २४ वर्षीय आरोपी तथा उसकी मॉ ने फर्यादी के घर प्रवेश किया तथा आरोपी ने मेरी मॉ को गुस्से से क्यों बोला ऐसा कहते हुए फर्यादी के सिर व हांथ पर शॉकप से हमला कर दिया तथा आरोपी क्र २ ने भी फर्यादी की झापड़ से पिटाई की। फर्यादी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धारा ३२४,३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### टॉवर से चोरी

तिरोड़ा पुलिस थाना अंतर्गत कुडवा नाका गोंदिया निवासी फर्यादी पवन सुधाकर मोरे (३३) की देखरेख में ग्राम मुंडीपार के खेत परिसर में लगे इंडस टॉवर आयडी नंबर १०९१७६६ टॉवर पर विद्युत की पुर्ती हेतु लगी एबबीएल कंपनी के २४ बॅट कीमत ३० हजार रुपए का माल अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए। फर्यादी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरो के खिलाफ धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच पुलिस हवलदार चेटुले कर रहे है।

### विद्युत तार की चपेट में आने से मौत

**गोंदिया–** चिचगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम पालांदुर चिचगढ़ निवासी रावजी भैसारे (५०) तलाब में डाली हुई मछलियों की देखरेख करने गया था। इसी दौरान खुले तार के करंट की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल में ही मौत हो गई। जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार हेतु विद्युत पोल से खुला तार लगाया गया होंगा। फर्यादी की शिकायत के आधार पर धारा ३०४, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# लावारिश कुत्तों की नसबंदी के बाद भी संख्या में इजाफा

## २०१८ में पहली बार की गई थी २ हजार कुत्तों की नसबंदी



**गोंदिया–** शहर के कई क्षेत्रो में इन दिनो लावारिश कुत्तों का आतंक देखने को मिल रहा है। जिसके चलते लावारिश कुत्तों का आम नागरिकों के पीछे दौड़ना, उसी प्रकार चाबने के भी कई मामले सामने आए है। जिसके कारण शहर के नागरिको को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है तथा इस लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही है। नगर परिषद की ओर से पहली बार सन २०१८ में शहर के २ हजार कुत्तों की नसबंदी की गई थी। लेकिन शहर की वर्तमान की स्थिति को देखते हुए इसका कोई असर होता दिखाई नही दे रहा है तथा लावारिश कुत्तों की नसबंदी किए जाने के बाद भी कुत्तों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। लावारिश कुत्तो से आज भी शहर के नागरिक परेशान है। उसी प्रकार लावारिश कुत्ते कई बार छोटे बच्चो के पीछे दौड़ते, वाहनों के पीछे दौड़ते तथा कई नागरिको को चाब भी रहे जिससे नागरिको को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में नगर परिषद की ओर से सन २०१८ में अमरावती में लक्ष्मी इंस्टियुट अॅड अॅनीमल वेल्फेयर इस एजेंसी को का सौंपा था। जिसमें नगर परिषद द्वारा ७०० रुपए प्रति दर से २ हजार कुत्तों की नसबंदी की गई थी। लेकिन इसके बाद से ही लावारिश कुत्तों की नसबंदी नही की गई है। जिसके चलते कुत्तों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है।

> लावारिश कुत्तो से परेशानी को लेकर नागरिको की समस्याएं आ रही है। उपरोक्त विषय स्वच्छता विभाग के समक्ष आगामी नगर परिषद की सभा में रखा जाएगा। इसके बाद ही इस विषय में फैसला लिया जाएगा।
>
> **– गणेश हतकय्या**
> स्वच्छता निरीक्षक, गोंदिया

# केशोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ी परिसर में नक्सलियों द्वारा छुपाया गया विस्फोटक व पुराने नोट बरामद




**गोंदिया–** जिला पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के मार्गदर्शन में निरंतर नक्सलियों द्वारा हमले के उद्देश्य से छुपाए गए विस्फोटक सामग्री बरामद की जा रही है। इसी के चलते २४ जनवरी को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले उमरपायली से जुनेवाणी मार्ग से लगे पहाड़ी जंगल परिसर में नक्सलियों द्वारा छुपाया गया विस्फोटक पदार्थ व चलन से बाहर पुराने ५०० के नोट बरामद किए गए।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त जानकारी प्राप्त होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी, उपविभागीय अधिकारी देवरी जालिंदर नालकुल के मार्गदर्शन में सी-६० कमांडो पथक नवेगांव बांध, पुलिस स्टेशन केशोरी के अधिकारी व कर्मचारी बी. डी. डी. एस. पथक द्वारा सर्च ऑपरेशन पहाड़ी जंगल परिसर में चलाया गया। जहां एक गड्ढे में एक संदेहास्पद वस्तु दिखाई गई। जिसकी जांच किए जाने पर उसमें विस्फोटक सामग्री पाई गई। जिसमें यूरिया खाद, निरमा पाउडर, एक स्विच बटन, लाल रंग का इलेक्ट्रिक वायर, गंधक, कपूर, एक पुरानी भरमार सिंगल बोर बंदूक तथा ५०० रुपये के ४,४०,००० पुराने नोट बरामद किए गए।

उपरोक्त मामले में केशोरी पुलिस थाने में नक्सलियों के खिलाफ भादवि की धारा ३०७ सहायक धारा १७, १८, २०, २३ यू. ए. पी. ए. सहायक धारा ४, ५ भारतीय विस्फोटक कानून तथा सहायक धारा ३/२५, भारतीय हथियार कानून के तहत मामला दर्ज कर उपरोक्त मामले की जांच उपविभागीय अधिकारी देवरी द्वारा की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के मार्गदर्शन में अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी, उपविभागीय पोलीस अधिकारी जालिंदर नालकुल, केशोरी के थानेदार संदीप इंगले, पुलिस उप निरीक्षक मुंडे, पुलिस उपनिरीक्षक नागरे, सी-६० कमांडो पथक नवेगांव बांध, बी.डी. डी.एस. पथक गोंदिया के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई।

# गौण खनिज का अवैध परिवहन, १०५ वाहनों का लाइसेंस निलंबित

गोंदिया जिले में बड़े पैमाने पर गौण खनिज व रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जाता है। जिस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा समय-समय पर जुर्माना लगाया जाता है। लेकिन अब राजस्व प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई कर १०५ वाहनों का पहली बार ९० दिनों के लिए लाइसेंस रद्द कर पुलिस के कब्जे में रखने का आदेश राजस्व विभाग द्वारा २२ जनवरी को जारी किया गया है। विशेष यह है कि अवैध खनिज गौण खनिज परिवहन पर लगाम लगाने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी व पुलिस विभाग के कर्मचारी गश्त लगाते हैं। जिन पर हमले के भी मामले सामने आते हैं। जिसे देखते हुए जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा द्वारा इस मामले में पुलिस अधीक्षक के साथ एक विशेष सभा का आयोजन कर कड़े कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। उपरोक्त वाहनों पर मोटर वाहन कानून १९८८ व १९८९ के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। निलंबन काला अवधि के दौरान उपरोक्त वाहन मार्ग पर नहीं चल पाएंगे। वाहनों के लाइसेंस निलंबित किए गए उनमें गोंदिया ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत १५, रावणवाड़ी पुलिस थाना अंतर्गत ३९, अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाना अंतर्गत २०, देवरी पुलिस थाना अंतर्गत ५, गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत ६, दवनीवाड़ा पुलिस थाना अंतर्गत १८, गंगाझरी पुलिस थाना अंतर्गत १, तथा रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत१ वाहन का समावेश है। जिसमें ९२ ट्रैक्टर, ७४ ट्राली, ४ टिप्पर, ४४ बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर, २८ बिना नंबर प्लेट की ट्राली, अन्य राज्य के २ ट्रैक्टर १ ट्राली तथा १ टिप्पर का समावेश है। उपरोक्त वाहन यदि भविष्य में अवैध उत्खनन के प्रकरण में पाए जाने पर उन पर और कड़ी कार्रवाई किए जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया है।

# घरकुल लाभार्थियों को ५ ब्रास रेती देने का निर्णय

माझं घरकुल
एक कुटुंब, एक घर!

**गोंदिया–** राज्य पर्यावरण की ओर से मंजूरी नही मिलने व कोरोना के संक्रमण के चलते जिले के रेती घाटो की निलामी अब तक नही हो पाई है। जिसका असर सभी निर्माधिन बांधकामो में पड़ा। जिसमें सबसे अधिक परेशानी घरकुल लाभार्थियों के सामने खड़ी हो गई थी। लेकिब अब शासन की ओर से घरकुल के लाभार्थियों के लिए ५ ब्रास रेती मुफ्त देने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु जिले के ४ रेती घाटों को आरक्षित रखा गया। शासन की रमाई आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के माध्यम से लाभार्थियों को घरकुल मंजूर किए जाते है। उक्त योजना अंतर्गत ८३ हजार २३० लाभार्थियों को घरकुल योजना का लाभ मंजुर किया गया है। जिसमें ३७ हजार १४५ लाभार्थियों का कार्य रेती के अभाव से पिछले एक साल से रुका हुआ था। घरकुल का काम नही होने से योजना का लाभ लेने में लाभार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वहीं योजना से जुडे कई लाभार्थियों को खुले में रहने तक की नौबद आन पड़ी। जिसके चलते लाभार्थियों द्वारा शासन से रेती उपलब्ध कराए जाने की मांग की जा रही थी।

> **रेती उपलब्ध कराने का कार्य जारी**
>
> शासन के आदेशानुसार जिले के घरकुल लाभार्थियों हेतु ५ ब्रास रेती मुफ्त उपलब्ध कराने के निर्देश जिला खनिकर्म विभाग की ओर से १५ दिनो पूर्व सभी तहसील कार्यालय को दिया है। रेती उपलब्ध कराने का काम जारी कर दिया गया है।
>
> **– सचिन वाढिवे**
> जिला खनिकर्म अधिकारी गोंदिया

# जनता दरबार २७ जनवरी को

**अर्जुनी मोर–** पालकमंत्री अनिल देशमुख की अध्यक्षता में २७ जनवरी को दोपहर ३ बजे कृषि उत्पन्न बाजार समिति अर्जुनी मोरगांव में जनता दरबार का आयोजन जनता की समस्या, ज्ञापन, शिकायतों को हल करने के लिए किया गया है। जिसके लिए उपविभाग के सभी नागरिकों द्वारा अपनी शिकायत, समस्या व ज्ञापन लेकर २७ जनवरी को दोपहर २ बजे कृषि उत्पन्न बाजार समिति अर्जुनी मोरगांव में उपस्थित रहें। ऐसी जानकारी प्रभारी उपविभागीय अधिकारी ऊषा चौधरी ने दी।

# कई वर्षो से हक के लिए लड़ रहे बुरड कामगार



**गोंदिया–** बांबू से विभिन्न जीवनावश्यक व आकर्षक सामग्री बनाकर उसकी बिक्री कर जीवनयापन करने वाले जिले के हजारों बुरड कामगार पिछले ४० वर्षो से अपने हक व अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे है। लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने उनकी समस्याओ को गंभीरता से नही लिया। जिसके कारण हजारो बुरड मजदूर परिवार समस्याओं से जुझ रहे है। वन कानून व अन्य समस्याओं के चलते उन्हें बांबु उपलब्ध नहीं होने से उन पर भुखमरी की नौबत आन पड़ी है। आज के बदलते युग में बांबू कला को बढ़ाव नही दिए जाने के कारण यह कला अब खत्म होने की कगार पर है। गौरतलब है कि गोंदिया जिले को प्रकृति ने बड़े पैमाने पर वनसंपदा दी है। जिसमें बांबू का भी समावेश है। पहले आसानी से बांबू उपलब्ध होने से हजारों परिवार बुरड व्यवसाय से जीवनयापन करते थे। बदलते युग में यह व्यवसाय अब खत्म होने लगा हे। जिससे १०-१५ किमी दूर जाकर बांबू अधिक दामों में खरीदने को मजबूर है। अनेक समस्याओं को लेकर बुरड कामगार नेता लक्ष्मण चंद्रीकापुरे द्वारा १९८२ में मुंबई हावड़ा राष्ट्रीय महामार्ग रोक कर आंदोलन भी किया था। आंदोलन में हजारों बुरड़ कामगार शामिल हुए थे। इस आंदोलन के बाद कामगारों की समस्या सरकार के दरबार में तो पहुंची लेकिन अब तक उनकी मांगे पूरी नही हो सकती। २०१० में नेशनल बांबू प्रकल्प की घोषणा की गई। लेकिन उसमें बुरड व्यवसाय का समावेश नहीं हुआ पिछले ४० वर्षो से बुरड कामगार महामंडल का निर्माण करने, कामगारों को नियमित बांबू उपलब्ध करने, मजदूरों द्वारा निर्मित बांबू की सामग्री सरकार द्वारा खरीदी करने की एवं इस प्रकार की अनेक मांगे आज भी पुरी नहीं हो पाई है।

> **ध्यान दे सरकार**
>
> बुरड़ व्यवसाय को जिंदा रखने के लिए महामंडल की स्थापना जरुरी है। एससी, एसटी प्रवर्ग के हजारों परिवार इस व्यवसाय पर निर्भर है। वनविभाग तथा समाज कल्याण द्वारा बांबू उपलब्ध कर इस व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सकता है। १४ अप्रैल १९८३ को हमने राष्ट्रीय महामार्ग रोककर बड़ा आंदोलन किया था। जिसके बाद कुछ मांगे पुरी हुई। लेकिन आज भी यह व्यवसाय उपेक्षित है। सरकार से मांग है कि महामंडल की स्थापना कर बुरड व्यवसायियों को आधार दिया जाए।
>
> **– लक्ष्मणराव चंद्रीकापुरे,** बुरड कामगार नेता, गोंदिया

क्या आप परेशान हैं?



शादी से पहले, शादी के बाद की कमजोरी
उम्र की अधिकता से सेक्स में कमजोरी
नि:संतान, स्वप्नदोष, इंद्रिय का छोटापन
टेढ़ापन, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी
आदि समस्याओं के ईलाज के लिए...
डॉ.सुशील गेडाम
बी.ए.एम.एस., एस.एच.सी.
धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
शॉप नं.31, राजलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, पाल चौक, गोंदिया
हर रविवार सुबह 11 से 4 बजे
संपर्क क्र.: 7879453857, 8964889608

आवश्यकता है

गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...
बुलंद गोंदिया कार्यालय
जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया
मो. : 9405244668, 7670079009
समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।